Regarding dredging work in Churni river-laid

श्री जगन्नाथ सरकार (रणघाट): मैं माननीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री का ध्यान एक महत्वपूर्ण समस्या पर केंद्रित करवाना चाहता हूँ जो पश्चिम बंगाल के पारिस्थितिक कल्याण से संबंधित है, विशेष रूप से चूर्णी नदी की ड्रेजिंग की तत्काल आवश्यकता से संबंधित है। चूर्णी नदी पूर्वी भारत की एक महत्वपूर्ण नदी है। बांग्लादेश के चीनी उद्योग (शुगर मील) से निकलने वाले अपशिष्टों के कारण नदी को गंभीर गिरावट का सामना करना पड़ा है जो गंगा नदी को भी प्रदूषित करती है। इस गिरावट का क्षेत्र के पर्यावरण, आजीविका और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। चूर्णी नदी में ड्रेजिंग और प्यूरीफाय (शुद्ध) गतिविधियों से जमा हुई गाद, प्रदूषक और मलबा निकल जाएगा, जिससे नदी के पानी की गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। पुनर्स्थापना प्रयासों से पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से जीवंत करने में मदद मिलेगी। इस परियोजना का अपनी आजीविका, मत्स्य पालन और कृषि गतिविधियों के लिए नदी पर निर्भर समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। एक स्वच्छ और स्वस्थ चूर्णी नदी स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान करते हुए पर्यटन और मनोरंजक गतिविधियों को भी बढ़ावा दे सकती है। मैं मंत्री जी से ये विनम्र अनुरोध करता हूँ कि चूर्णी नदी में ड्रेजिंग का कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ किया जाए।